हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

04 आमजन को पुलिस में स्टाफ की कमी बताने से ...



07 राजस्थान के निकले चोर, जिन्होंने दिनदहाड़े...





## खबर संक्षेप

### पटवारी को किया गया निलंबित

**सागर।** तहसील रहली पटवारी हल्का नंबर 19 में पदस्थ पटवारी रिचा जैन को नामांतरण प्रकरणो में जानबूझ कर विलंब करने के फलस्वरूप तहसीलदार रहली के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव और शिकायतों के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रहली द्वारा निलंबित किया गया।

### गणेश विसर्जन के दौरान दंडाधिकारियों को सौंपे दायित्व

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के आदेशानुसार गणेश विसर्जन / अनंत चौदस पर नगर के मुख्य मार्गों से जुलूस निकाले जाने का आयोजन एवं मिलाद-उन-नवी त्यौहार के अवसर पर 5 एवं 6 सितम्बर को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक दंडाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। आदेशानुसार लेहदरा नाका गणेश विर्सजन स्थल के लिए कार्यपालिका दंडाधिकारी संदीप तिवारी, कटरा चौकी कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत राहुल गौड़, मोतीनगर थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रतीक रजक, कैन्ट थाना क्षेत्रान्तर्गत हरीश लालवानी, सिविल लाइन / गोपालगंज, थाना क्षेत्रान्तर्गतसंगीता सिंह, मकरोनिया, थाना क्षेत्रान्तर्गत विनोद सिंह, बन्नाद गणेश विर्सजन स्थल सुशील खरे, मेहर गणेश विर्सजन स्थल देवीप्रसाद चक्रवर्ती, चितौरा गणेश विर्सजन स्थल बहादुर सिंह, राजघाट / बिलहरा गणेश विर्सजन स्थल शिवपुरोहित गौतम, महलवार देवी मंदिर, संजय ड्राईव सागर स्थित अस्थाई कुण्ड गणेश विर्सजन स्थल दिनेश असाटी को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दायित्व सौंपे गए हैं। संपूर्ण कार्यक्रम एवं व्यवस्था की प्रभारी संयुक्त कलेक्टर आरती यादव एवं संपूर्ण सागर नगर के कानून व्यवस्था के प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप रहेंगे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी हेतु आवेदन 22 सितंबर तक

**सागर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा बताया गया कि बैंकिंग रेलवे/एस.एस.सी. शासन द्वारा आयोजित समसा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अनुसूचित आति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं आवेदन पत्र 25/08/2025 तक आंमत्रित किये गये थे। आवेदन पत्र कम प्राप्त होने के कारण उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए 22/09/2005 की गई है। स्तानक उत्तीर्ण इच्छुक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण कहाएँ 01/10/25 से प्रारण्भ हो जाएगी। अतः जो छात्र जोचित कहाओं के माध्यम से तैयारी करना चाहते है। वे कार्यालयीन समय में कार्यालय प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र सागर में आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र कार्यालय ने ही उपलब्ध हो जायेगा।

### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें। जिससे जनसाधारण को सुविधा होगी।

---

**सभी पटवारी अपने-अपने हल्कों में रहकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुने**

# संवेदनशीलता के साथ निराकृत करें न्यायालयों में लंबित प्रकरण, निराकृत प्रकरणों को तत्काल पोर्टल पर अपलोड करने की कार्रवाई करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संवेदनशीलता के साथ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण करें एवं निराकृत प्रकरणों को तत्काल पोर्टल पर अपलोड करने की कार्रवाई करें। साथ ही प्राकृतिक प्रकोप के प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ तत्काल निराकरण करें। एसडीएम, तहसीलदार ग्रामों में जाकर शिविर लगाकर प्रकरण निराकृत करें एवं सभी पटवारी अपने-अपने हल्कों में रहकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुने। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समस्त राजस्व अधिकारियों को राजस्व समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर अमन मिश्रा सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएलआर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि समस्त राजस्व अधिकारी अपने अपने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का



निराकरण संवेदनशीलता के साथ शिविर लगाकर करें। शिविर लगाने के एक दिन पूर्व संबंधित ग्राम में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराएं जिससे की सभी ग्रामवासी शिविर में उपस्थित हो सकें और अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकें। उन्होंने कहा कि प्रकरण के निराकरण के समय पेशी पर संबंधित प्रकरण के पटवारी को भी पेशी पर उपस्थित हेतु निर्देशित करें जिससे कि तत्काल उसका निराकरण किया जा सके।कलेक्टर ने निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का भी निराकरण संतुष्टि पूर्ण हो इसके लिए सभी अधिकारी व्यक्तिगत संपर्क में रहकर निराकरण कराए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक प्रकोप राहत राशि के कोई भी प्रकरण को लंबित नहीं रहना चाहिए सभी प्रकारों का संवेदनशीलता के साथ जांच रिपोर्ट के उपरांत तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण फील्ड में जाकर करें। उन्होंने नक्शा तरमीम के प्रकरणों का समय सीमा में निर्धारण करने की निर्देश दिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा है कि नामांकन, बंटवारा, सीमांकन के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए सभी का समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि अपर कलेक्टर तथा एसडीएम तहसील कार्यालय का निरीक्षण करें। सभी तहसील कार्यालय न्यायालय के मुख्य गेट पर लोकसेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन जमा करने हेतु सूचना चस्पा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पटवारी एवं रीडर को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जावे, साथ में तहसीलदार अपने अधीनस्थ पटवारी की प्रतिदिन बैठक लेकर उनको लक्ष्य प्रदान करें। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है कि सभी आकस्मिक रूप से तहसीलों का निरीक्षण करें।




## ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस, छात्रों ने दी सुंदर प्रस्तुतियां

**सागर।** ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक के दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर नीरज केशरवानी, प्राचार्या लिज़ी लुईस एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्रों द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंटकर शिक्षकों का अभिनंदन किया गया। स्वागत भाषण कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा तेजश्री तिवारी एवं आदर्श प्रताप सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अनुषा सिंघई के द्वारा प्रार्थना प्रस्तुत की गई। इसके बाद अनन्या कुर्मी, सेलीना शेख, पलक वर्मा, कुंजल रजक, जाह्नवी सिंह, नव्या कोरी, मैत्री जैन, नंदिनी सेन, वैष्णवी सिंह, प्रियांशी सिंघई एवं हर्षिता गौतम के द्वारा एक सुंदर क्लासिकल डांस की प्रस्तुति दी गई, जिसने खूब तालियां बटोरीं। शिक्षकों ने केक काटकर डॉक्टर राधाकृष्णन को याद किया। विभिन्न गेम्स के माध्यम से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## नगर निगम द्वारा तीनबत्ती से राधा तिराहा तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त की उपस्थिति में अतिक्रमण टीम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से शहर तीनबत्ती से राधा तिराहा तक यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण कर दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा तीनबत्ती से कटरा मस्जिद एवं विजय टाकीज चौराहा तक हाथ ठेला पर दुकान लगाने वालों को अनाउंसमेंट कर हिदायत दी कि पीली लाईन के अंदर दुकानों को लगाएं तथा प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु बनाई गई व्यवस्था का पालन करें अन्यथा की स्थिति में सड़क पर हाथठेला पाए जाने पर उसे जप्त कर चालानी कार्रवाई की कार्रवाई की जाएगी । इसके साथ ही कटरा मस्जिद से राधा तिराहा तक सड़क पर हाथठेला पर दुकान लगाने वालों के विरुद्ध सामान सहित हाथठेला को जप्त किया जाएगा।, इसके साथ ही तीनबत्ती से कटरा मस्जिद तक सभी वाहन लाईन के भीतर खड़े न होने पर संबंधित वाहन मालिक के विरुद्ध कार्रवाई होगी। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त डा.एस. एस. बघेल सहित नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। नगर निगम आयुक्त ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा है कि शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए स्थान पर ही हाथठेला लगाएं जिससे यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न न हो ।

## शिक्षक दिवस विशेष : नई पीढ़ी के लिए मिसाल है राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक पीएल पटेल



गढाकोटा। शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रहली विधानसभा में शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा है। गढ़ाकोटा नगर में प्रतिभाओं की कमी नही है शिक्षा के क्षेत्र में भी अनेक प्रतिभाएं है जिले में अनेक शिक्षक ऐसे भी है जिन्होंने अपने कार्यों से न केवल समाज को वरन जिले व राज्य को भी गौरवान्वित किया है और अपने कार्यों से शिक्षा जगत को गौरवान्वित करने वाले शिक्षकों को राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाता रहा है। रहली विधानसभा के गढ़ाकोटा तहसील के भी ऐसे ही शिक्षक रहे पुरषोत्तम लाल पटेल जिनके कार्यों से शिक्षा जगत को न केवल गौरव मिला वल्कि क्षेत्र कि प्रतिभाओ को भी उनके आदर्शों से प्रेरणा मिली। पुरूषोत्तम लाल पटेल शैक्षिक गतिविधियों में विशेष रूचि एवं कर्तव्य निष्ठा का परिणाम देते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास में हमेशा प्रयासरत रहते हैं। एनसीसी कार्यों में विशेष दक्षता एवं लगन के साथ-साथ प्रथम एनसीसी अधिकारी के पद पर आसीन रहें। आपकी विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सेवाओं के रुप में हुई ख्याति के परिणाम स्वरूप नई दिल्ली में स्थित विज्ञान भवन में 5 सितम्बर 1996 को भारत के राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा द्वारा राष्ट्रपति पदक, प्रशस्ति पत्र तथा सम्मान निधि प्रदान कि गई थी। पटेल सेवानिवृत्त होने के बाद भी लगातार समाज सेवा के माध्यम से लोगो की सेवा कर रहे है जो अनुकरणीय है।

## बौद्धिक संपदा एवं उद्यमिता विकास के लिए शिक्षा में नवाचार जरूरी : डॉ दिवाकर सिंह राजपूत



**सागर।** जीवन जीने की कला के साथ अर्थोपार्जन हेतु संसाधनों की प्राप्ति और उद्यमिता विकास के लिए शिक्षा व्यवस्था में नवाचार आज के युग की जरूरत बन चुकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी कौशल विकास और नवाचार पर जोर दिया गया है। यह विचार दिये प्रो दिवाकर सिंह राजपूत ने एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन देते हुए. श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज जबलपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के अधिष्ठाता प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि बौद्धिक संपदा संरक्षण और उद्यमिता विकास के साथ ही शिक्षा जगत में नवाचार के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है कि हम स्वयं को पहचान कर प्रज्ञावान बनें। आत्मविश्वास और आत्म सम्मान के साथ लक्ष्य केंद्रित कार्यों को सार्थक दिशा दें। स्थानीय संसाधनों से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विजय प्राप्त करें और देशज ज्ञान की समृद्ध परम्परा को भी शोध का आधार बनाएँ। प्रोफेसर राजपूत ने इस संबंध में तीन प्रारूप भी प्रस्तुत किये।एजुकेटर्स और लर्नस के लिए आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु प्रो राजेश कुमार वर्मा, अध्यक्ष एम एस चावला, प्राचार्य डॉ आर एस चंडोक, प्रो एस एस संधू, हिमांशु खरे आदि ने भी अपने विचार रखे।

## अतिक्रमण के खिलाफ सख्त हुए विधायक बाजार का भ्रमण कर दुकानदारों व वाहन चालकों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन गुरुवार को सुबह-सुबह मंदिर दर्शन उपरांत मुख्य मार्गों पर भ्रमण पर निकले जंहा उन्होंने पथ विक्रेताओं व वाहन चालकों को सफेद लाइन के भीतर दुकान लगाने व वाहन खड़े करने हेतु अपील की। बीच सड़क पर खड़ी स्कूल बस सवारी, ऑटो, माल वाहक को देखकर उन्होंने वाहन चालकों को जमकर फटकार लगाई। भ्रमण के दौरान विधायक जैन ने स्वयं बुजुर्ग फल व्यावसायी के साथ दुकान का सामान सफेद लाइन के भीतर कर व्यवस्था में सहयोग हेतु आग्रह किया और उनका सामान स्वयं उठाने में सहयोग करके गांधी गिरी का



परिचय दिया । व्यावसायी ने द्रवित मन विधायक जैन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपयुक्त स्थान पर ही दुकान लगाने हेतु आश्वासित किया।विधायक जैन ने स्थानीय जनों से भी व्यवस्था में सहयोग की अपील की व व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले पथ विक्रेताओं व वाहन चालकों की फोटो/वीडियो उपलब्ध कराने का आग्रह किया ताकि संबंधित पर सख्त कार्यवाही की जा सके।

विधायक जैन के भ्रमण की जानकारी लगते ही नगर निगम के अतिक्रमण दल ने भी मौके पर पहुंचकर कार्यवाही प्रारम्भ की।

## डीपीएस में श्रध्दापूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस




**सागर।** डीपीएस में शुक्रवार को पूर्ण श्रध्दा व उत्सव पूर्वक शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। माँ सरस्वती का पूजन-अर्चन कर व भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वश्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिकताएँ निभाईं। आज के सम्पूर्ण कार्यक्रम को आयोजित करने व उसे उत्सव रूप प्रदान करने का दायित्व था, विद्यालय की नवनियुक्त बाल कमेटी का सो अब बारी थी कार्यक्रम को उत्सव रुप प्रदान करने की। विद्यार्थियों ने शिक्षकों की खोजी प्रतिभा का पता लगाने ट्रेजर हंट का आयोजन किया, जिसमें शिक्षकों के पाँच समूह बनाकर उन्हें गोल्ड खोजने का दायित्व सौंपा गया। विजेता दल को प्राचार्य द्वारा पुरुस्कृत किया गया था। तदुपरांत विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में मन-मोहक नृत्यों की प्रस्तुतियाँ दीं। इसके बाद कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता थी, कि एक दिन के लिए शिक्षक बन सम्पूर्ण विद्यालय की व्यवस्थाओं का दायित्व अपने कंधों पर लेकर उसे पूर्ण जिम्मेदारी से निर्वाहन किया गया।

## डॉ भीमराव आंबेडकर आर्थिक कल्याण स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा।

**उद्यमिता पखवाड़ा कार्यक्रम : स्वावलंबन और स्वदेशी विचारों की ओर बढ़ता कदम**

# जो युवा रोजगार सृजन करेंगे, वही समाज और देश का भविष्य बदलेंगे: मलैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

इम्मानुएल स्कूल के सभागार में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर स्वावलंबी भारत अभियान और स्वदेशी जागरण मंच ने संयुक्त रूप से उद्यमिता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक कपिल मलैया, विद्यालय के प्रबंधक अधिवक्ता सनेद्र कनासिया और प्राचार्य आनंद गुप्ता ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों और स्टाफ को पुष्पमाला और उपहार भेंट किए गए।

मुख्य अतिथि स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक कपिल मलैया ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन 40 वर्ष तक शिक्षक रहे। वे संस्कृत और बाइबिल के ज्ञाता थे। उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति बनने के बाद भी उन्होंने आधा वेतन प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा कराया। उन्होंने कहा कि हर साल लाखों विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने लोगों को नौकरी कहां से मिलेगी।




आबादी तेजी से बढ़ रही है। उसी अनुपात में शिक्षित युवाओं की संख्या भी। लेकिन सरकारी और निजी क्षेत्रों में नौकरी के अवसर सीमित हैं। ऐसे में केवल नौकरी की सोच रखना काफी नहीं। युवाओं को रोजगार देने और आत्मनिर्भर बनने की सोच अपनानी होगी। जो युवा रोजगार सृजन करेंगे, वही समाज और देश का भविष्य बदलेंगे। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे उद्योग, स्टार्टअप और स्वरोजगार ही इस समस्या का स्थायी समाधान बन सकते हैं। यदि हर शिक्षित युवा नौकरी ढूंढने के बजाय नौकरी देने की सोच विकसित करे तो समाज और देश दोनों को लाभ मिलेगा।स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार नामदेव ने युवाओं को पढ़ते-पढ़ते कमाने की सलाह दी। उन्होंने 'अर्न व्हाइल यू लर्न' का मंत्र दिया। प्रांत युवा आयाम टोली सदस्य सौरभ रांधेलिया ने कहा कि स्वरोजगार, लघु उद्योग और पारंपरिक व्यवसाय को आधुनिक तकनीक से जोड़कर नए अवसर बनाए जा सकते हैं।

विद्यालय के प्रबंधक सनेद्र कनासिया ने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन का जन्म 1888 में तमिलनाडु में हुआ था। वे आदर्श शिक्षक और दार्शनिक थे। उनके जन्मदिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य आनंद गुप्ता ने उन्हें जमीन से जुड़ा आदर्श व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि वे अपने नाम के आगे सर्वपल्ली गांव का नाम जोड़ते थे और राष्ट्रपति बनने से पहले खुद को शिक्षक कहते थे। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर और अभिषेक रैदास ने स्वदेशी की शपथ दिलाई।इस अवसर पर 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक राम गोपाल सोनी का शाल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मान किया गया। इसके बाद उप-प्राचार्य वंदना जूड़ा, शिक्षक ब्रजेश सोनी, आशीष नेमा, दीपक नेमा, राकेश सोनी, एच.सी. यादव, फिरोज अंसारी, राजेंद्र भदौरिया, प्रशांत नामदेव, नितिन पंकज, ए.पी. अहिरवार, नरेन्द्र चढ़ार, संतोष राय, धर्मेन्द्र वर्मा, एम.एल. तिवारी, मीना यादव, मेघना दुबे, एम.एस. तिर्की, प्रीती यादव, जरीना खान और जानकी पटेल का भी सम्मान किया गया।



## भारत केशरी कुश्ती प्रतियोगिता में सागर के अभिषेक यादव ने जीता गोल्ड मेडल

**सागर।** भारत केशरी कुश्ती प्रतियोगिता में सागर के अभिषेक यादव ने 62 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया। इस जीत से सागर के कुश्ती इतिहास में नया अध्याय जुड़ गया। अभिषेक की सफलता से शहर में खुशी का माहौल है। अभिषेक के पिता संजू पहलवान ने कहा कि बेटे की मेहनत रंग लाई। उन्होंने इसे परिवार और गुरुजनों के आशीर्वाद का फल बताया। अभिषेक की जीत से सागर की पहलवानी परंपरा को नई पहचान मिली है। भारतीय कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि भारत केशरी टूर्नामेंट में सागर में कुश्ती को पहचान दिलाने का प्रयास 2008 से चल रहा है। 2012 में कौशल पहलवान ने क्वार्टर फाइनल तक पहुँचकर उम्मीद जगाई थी। इसके बाद 2014 में अभिमन्यु सोनी, 2015 में राहुल पहलवान और पवन यादव, 2016 में भरत सेन और निखिल मिश्रा ने भी क्वार्टर फाइनल तक पहुँचकर परंपरा को आगे बढ़ाया। इन सभी प्रयासों का परिणाम अब अभिषेक के स्वर्ण पदक के रूप में सामने आया है। अभिषेक को बधाई देने वालों में प्रदेश सहसचिव कौशल सोनी, रवी अग्रवाल, मगन सोनी, ठकरी पहलवान, श्याम पहलवान, रज्जन पहलवान, कृष्ण वल्लभ सोनी, सुरेन्द्र पहलवान, ज्ञानी पहलवान, परषोतम पहलवान, गोपाल लंबरदार, रामराजा यादव, अभिषेक उपाध्याय, आदित्य गौतम, प्रतीक दुबे, सौरभ यादव, दीपक यादव, अमन चोबे, हरीशंकर पहलवान, हरदास पहलवान, रोशन पहलवान, किशन यादव पहलवान, प्रवीण यादव पहलवान, चिन्तामन यादव, संतोष सोनी और इन्द्रपाल सिंह ठाकुर शामिल रहे।


### भाजपा नेता ने एसपी के नाम ज्ञापन देकर किया झूठ का पर्दाफाश

# आमजन को पुलिस में स्टाफ की कमी बताने से सरकार की छवि खराबः अभिषेक खरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मुख्यालय पर छिन्न भिन्न होकर रसातल में पहुंच चुकी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग पर पुलिस बल की कमी का झूठा रोना रोया जाता है। जिससे आमजन के बीच प्रदेश की भाजपा सरकार की छवि खराब हो रही है। लेकिन हकीकत में जिले में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है। जिन्हे जिले के बिभिन्न थानो में अतिरिक्त रूप में पदस्थ किया गया है। उक्त बात भाजपा नेता व पार्षद अभिषेक खरे रानू ने पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने के दौरान कही। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि पुलिस बल की कमी का झूठा रोना कौन रो रहा है। भाजपा नेता खरे ने ज्ञापन के माध्यम से शीघ्र ही यातायात विभाग में बल उपलब्ध कराकर जिले की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।





प्रति,

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय

जिला– टीकमगढ़ (म.प्र.)

विषय–: शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने बावत्।

महोदय,

विषयांतर्गत निवेदन है कि टीकमगढ़ शहर विगत कई वर्षो से यातायात जाम की समस्या से जूझ रहा है। यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर वन–वे व्यवस्था लागू करने के अलावा यातायात पुलिस के प्वाइंट बढ़ाने की मांग की जा रही है। लेकिन इस ओर लगातार अनदेखी करने से शहर के लोगों में आक्रोश है। आमजनों को स्टाफ की कमी बताने से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। जबकि हकीकत यह है कि स्टाफ की कोई विशेष कमी नहीं है। जिले में पर्याप्त स्टाफ होने के बाद बाबजूद यातायात पुलिस थाना में स्टाफ की तैनाती नहीं की जा रही है और कई पुलिस थाना में स्वीकृत बल से अधिक आरक्षकों की उपलब्धता है। इस स्थिति को सुधार कर यातायात थाना को पर्याप्त स्टाफ दिया जा सकता है और इससे नगर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जा सकती है।

पुलिस थाना के आंकड़े–:

| पुलिस थाना | स्वीकृत पद (आ.) | उपलब्ध पद (आ.) | अतिरिक्त पदस्थापना (आ.) |
|---|---|---|---|
| कोतवाली | 42 | 52 | 10 अतिरिक्त |
| देहात थाना | 23 | 29 | 6 अतिरिक्त |
| बल्देवगढ़ थाना | 14 | 19 | 5 अतिरिक्त |
| बड़ागांव धसान थाना | 14 | 15 | 1 अतिरिक्त |
| खरगापुर थाना | 15 | 20 | 5 अतिरिक्त |
| कुड़ीला थाना | 13 | 18 | 5 अतिरिक्त |
| पलेरा थाना | 15 | 19 | 4 अतिरिक्त |
| दिगौड़ा थाना | 14 | 20 | 6 अतिरिक्त |
| मोहनगढ़ थाना | 13 | 17 | 4 अतिरिक्त |

पुलिस थाना यातायात की स्थिति–:

पुलिस थाना यातायात में कुल पद 53 स्वीकृत हैं, जिसमें करीब 21 पुलिस अधिकारियों–कर्मचारियों की पदस्थापना है। इसमें 32 आरक्षक के पद स्वीकृत हैं, जिसमें केवल 10 आरक्षक ही पदस्थ हैं। इसके कारण नगर की यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित रहती है और जिम्मेदारों से पूछने से हमेशा ही स्टाफ की कमी बताई जाती है।

अतः श्रीमान् जी से आग्रह है कि अतिशीघ्र इस व्यवस्था को दुरुस्त कर शहर की यातायात व्यवस्था को ठीक किया जाए। ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। इसके साथ ही पार्किंग, वन–वे, हाकर्स जोन जैसे कार्यों को तत्काल लागू किया जाए।

संलग्नः 1. आंकड़ों की सत्य प्रतिलिपि।
2. कार्ययोजना की प्रति।

दिनांक–

हस्ताक्षर

04/09/25
शिकायत शाखा
पुलिस अधीक्षक कार्यालय
जिला: टीकमगढ़

## पर्याप्त पुलिस स्टॉफ को थानों में अतिरिक्त रूप में किया पदस्थ

भाजपा नेता अभिषेक खरे ने ज्ञापन में बताया कि विगत कई वर्षों से शहर बदहाल यातायात व्यवस्था और भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। जिसको हल करने के लिये यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और वन-वे व्यवस्था लागू करने के अलावा यातायात पुलिस के प्वाइंट बढ़ाने की मांग की गई है। लेकिन इस ओर लगातार अनदेखी किये जाने की बजह से शहर के लोगों में आक्रोश है। आमजनों को स्टाफ की कमी बताने से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। जबकि हकीकत यह है कि स्टाफ की कोई विशेष कमी नहीं है। जिले में पर्याप्त स्टाफ होने के बाद बाबजूद यातायात पुलिस थाना में स्टाफ की तैनाती नहीं की जा रही है और कई पुलिस थाना में स्वीकृत बल से अधिक आरक्षकों की तैनाती की गई है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा गया कि पर्याप्त पुलिस स्टॉफ होने के बाबजूद यातायात विभाग में तैनाती की बजाय थानो में अतिरिक्त तैनाती करने बनी असंतुलन की स्थिति को सुधार कर यातायात थाना को पर्याप्त स्टाफ दिया जा सकता है और इससे नगर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जा सकती है।

## पुलिस थानों में 47 पुलिसकर्मियों की है स्वीकृत पदों से अधिक अतिरिक्त तैनाती

भाजपा नेता अभिषेक खरे ने जिले के पुलिस थानो के आंकड़े पेश करते हुए ज्ञापन में बताया कि यातायात विभाग में मात्र 22 पुलिकर्मियों की कमी होने की बजह से एक तरफ शहर को भीषण जाम की स्थिति से जूझना पड़ रहा है और दूसरी तरफ पुलिस थानो में स्वीकृत पदों से अधिक 47 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। यह असंतुलन ही शहर की यातायात व्यवस्था को ध्वस्त करने के लिये जिम्मेवार है। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि थाना कोतवाली में 42 पद स्वीकृत है लेकिन तैनाती 52 पुलिकर्मियों की है। इस तरह कोतवाली में स्वीकृत पद से 10 अतिरिक्त पुलिसकर्मी पदस्थ है। इसी तरह देहात थाना में 23 स्वीकृत पदों के बजाय 29 पुलिसकर्मियों की तैनाती, बल्देवगढ़ थाना में 14 के बजाय 19 की तैनाती, खरगापुर थाना में 15 के बजाय 20 की तैनाती, कुड़ीला थाना में 13 के बजाय 18 की तैनाती, पलेरा थाना में 15 के बजाय 19 की तैनाती, दिगौड़ा थाना में 14 के बजाय 20 की तैनाती, और मोहनगढ़ थाना में 13 के बजाय 17 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। बही बड़ागांव थाना में एक पुलिसकर्मी अतिरिक्त तैनात है। इस तरह जिले के 9 पुलिस थानो में कुल 47 पुलिसकर्मी अतिरिक्त रूप में तैनात है। जिनमे से यातायात विभाग में पुलिस बल की कमी को आसानी से पूरा किया जा सकता है।

## यातायात विभाग में आरक्षकों के स्वीकृत 32 पदों में से मात्र 10 की तैनाती

पुलिस बल की कमी का पर्दाफाश करते हुए भाजपा नेता अभिषेक खरे ने ज्ञापन के माध्यम से यातायात पुलिस थाना की स्थिति उजागर करते हुए बताया कि यातायात पुलिस थाना में कुल स्वीकृत पद 53 हैं, जिसमें करीब 21 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की पदस्थापना है। इसमें से 32 पद आरक्षको के लिए स्वीकृत हैं। लेकिन 32 आरक्षकों की बजाय यातायात विभाग में मात्र 10 आरक्षक ही पदस्थ हैं। बाकी आरक्षकों को जिले के पुलिस थानो में पदस्थ किया गया है। जिसकी बजह से नगर की यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित होकर पटरी से उतर चुकी है और जिम्मेदारों से पूछने से हमेशा ही स्टाफ की कमी का झूठा रोना रोया जाता है।

## पुलिस तैनाती के असंतुलन को दूर कर शहर को जाम से शीघ्र मुक्त कराने की मांग

भाजपा नेता अभिषेक खरे ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि जिले में पुलिसकर्मियों की तैनाती के असंतुलन को दूर करते हुए अतिशीघ्र शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया जाए। ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। इसके साथ ही शहर में यातायात पुलिस के पॉइंट बढ़ाकर शहर में पार्किंग, वन-वे, हाकर्स जोन जैसे कार्यों को तत्काल लागू किया जाए।

---

### 18 अत्याधुनिक डायल 112 वाहन जिले को मिले

## अब हर नागरिक तक तेज रिस्पॉन्स के साथ पहुंचेगी बेहतर पुलिस सेवाः एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मज़बूती देने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने पुलिस लाइन परिसर से 18 नए अत्याधुनिक डायल 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन अब तक संचालित डायल-100 सेवा की जगह लेंगे और तेज़ एवं प्रभावी पुलिसिंग का नया अध्याय लिखेंगे।

> **तेज़ एवं प्रभावी पुलिसिंग का नया अध्याय लिखेंगे**

### अत्याधुनिक तकनीक से लैस वाहन

नवीन वाहनों में जीपीएस सिस्टम, डैशबोर्ड कैमरा, बॉडी वॉर्न कैमरा, आधुनिक वायरलेस सेट और राहत-बचाव उपकरण जैसे स्ट्रेचर और फर्स्ट-एड किट उपलब्ध हैं। इन उपकरणों की मदद से पुलिस बल किसी भी घटना या आपात स्थिति में कम समय में घटनास्थल पर पहुँचकर तुरंत कार्रवाई कर सकेगा। इससे सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ-साथ दुर्घटना और राहत कार्यों में भी तेजी आएगी।

विशेष प्रशिक्षण से सशक्त पुलिसकर्मी रेडियो शाखा द्वारा जिले के पुलिसकर्मियों को इन वाहनों के संचालन और उपकरणों के उपयोग संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में वाहनों की तकनीकी प्रणाली, दुर्घटना के समय उपयोगी उपकरण और नवीन सुविधाओं की जानकारी साझा की गई। डायल 112 योजना के अंतर्गत अन्य हेल्पलाइन नंबर एकीकृत किए गए हैं। जिनमे महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, फायर सेवा 101, एंबुलेंस 108 और पुलिस सहायता 100 शामिल है। अब नागरिकों को केवल 112 डायल करना होगा और हर प्रकार की मदद तुरंत उपलब्ध हो सकेगी। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि नए वाहनों से पुलिस की कार्यक्षमता और नागरिक सुरक्षा में नई ऊँचाई मिलेगी। तेज़ रिस्पॉन्स और बेहतर सेवा अब हर नागरिक तक पहुँचेगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि डायल-112 सेवा आमजन के लिए सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक बनेगी। आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित पुलिस बल से आपात स्थिति में तेज़ मदद सुनिश्चित होगी।

---

### 48 घंटे में पुलिस ने सुलझाई बड़ी चोरी

## पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में पुलिस को मिली बड़ी सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को संपत्ति संबंधी अपराधों में आरोपी व मशरूका की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत दिगौड़ा पुलिस ने मात्र 48 घंटे में चोरी का पर्दाफाश कर दिया।

पीड़ित शिवराज सिंह घोष निवासी पुरैनिया खिरक, ग्राम बछौड़ा ने थाना दिगौड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की रात उसकी दुकान से नकदी, सोने-चांदी के जेवर, लोहे की टंकी और हिसाब-किताब की कॉपी सहित कुल 50 हजार रुपए की चोरी हो गई। उक्त मामले में थाना दिगौड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन एबं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा व एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिगौड़ा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर तंत्र की मदद से 3 सितंबर को आरोपी दिनेश पिता बाबू अहिरवार व राजू पिता सालिकराम घोष निवासी बछौड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी दिनेश से सोने का मंगलसूत्र कीमत करीब 35 हजार, नगद 11सो रुपये, एक लोहे की टंकी और दुकान का हिसाब-किताब बरामद हुआ। आरोपी राजू से एक जोड़ी चांदी की पायल कीमत 10 हजार व 1200 रुपये नगद बरामद किए गए। कुल 47 हजार 300 रुपये का मशरूका जब्त कर दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में दिगोड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजय शुक्ला, प्रधान आरक्षक राकेश घोष, प्रधान आरक्षक आनंद सुडेले, आरक्षक जगभान रजक, आरक्षक अरुण सिंह चौहान, आरक्षक राघवेन्द्र लोधी की अहम भूमिका रही।



## पुलिस ने सशक्त नारी व महिला सुरक्षा को बनाया सर्वोच्च प्राथमिकता

टीकमगढ़। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिला पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य हर महिला को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, आत्मविश्वास बढ़ाना और उनके अधिकारों की जानकारी देना है। बलदेवगढ़ थाना प्रभारी प्रीति भार्गव के नेतृत्व में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं और छात्राएं शामिल हुईं। शिविर में उन्हें आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपाय, आपातकालीन संपर्क साधन और महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्रासंगिक कानूनों और पुलिस सेवाओं की पूरी जानकारी भी प्रदान की गई। अभियान के तहत ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में नियमित महिला जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में छात्राओं को गुड टचझ्रबैड टच, आत्मरक्षा और आत्मसम्मान के महत्व पर सरल और सहज संवाद के माध्यम से शिक्षित किया जा रहा है। महिलाओं को भरोसा दिलाया जा रहा है कि पुलिस हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। अभियान के दौरान महिला हेल्पलाइन 1030, साइबर हेल्पलाइन 1930 और आपातकालीन सेवा 100 के संपर्क माध्यमों की जानकारी भी साझा की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई का संदेश है कि महिलाओं की सुरक्षा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि समाज की नैतिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक महिला को सुरक्षित, समर्थ और सम्मानित महसूस कराना ही अभियान का उद्देश्य है। जनता से अपील की गई है कि यदि किसी महिला या बालिका को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा हो तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें। टीकमगढ़ पुलिस का यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा और समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

पूर्व विधायक ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन, ठोस आश्वासन मिलने से आई मुस्कान

## जिले में कृषि व किसान को मजबूत करने और पलायन रोकने आगे आये केके श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में बदहाल क्रृषि क्षेत्र व किसानो को उन्नत करने एबं जिले से पलायन को रोकने के ठोस उपाय करने को लेकर पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव नें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर उन्हें दो ज्ञापन सौंपे। जिनमे क्रृषि को उन्नत करने और किसानो को उन्नत खेती से संबंधित चीजों को जिले में उपलब्ध कराने के लिये जिले में दो केंद्र खोले जानें की मांग की गई है। साथ ही इससे जिले की पलायन समस्या और बेरोजगारी से निजात मिलने की बात कही है। उक्त ज्ञापन को देखकर कृषिमंत्री शिवराज सिंह द्वारा ज़ब पूर्व विधायक श्रीवास्तव को ठोस आश्वासन दिया गया तो यह सुनकर पूर्व विधायक के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई। इस दौरान पूर्व विधायक के भाई शिवकुमार श्रीवास्तव भी उनके साथ थे।

किसान कल्याण एवं कृषि विकाश केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव द्वारा दिए गये दो ज्ञापनो में से एक ज्ञापन में मांग करते हुए कहा गया कि जिले में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का क्षेत्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान खोला जाए। क्योंकि बुन्देलखण्ड के टीकमगढ़, निवाड़ी एवं छतरपुर जिला कृषि आधारित जिला हैं। यहाँ के किसान आर्थिक रूप से अत्यंत ही पिछड़े हैं, और हर मौसम में रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं। जबकि यह सत्य है कि हमारे इन जिलों की जलवायु, भूमि और उसकी उर्वरा शक्ति खाद्यान्न और दलहन फसलों के लिये काफी उपयुक्त हैं क्यों कि इन जिलों की 70 प्रतिशत भूमि बलुई एवं बलुई दोमट है। बुन्देलखण्ड के इन





जिलों में किसान कई पीढ़ियों से अदरक, हल्दी, आलू, प्याज, लहसुन, अरबी, रतालू एवं शकरकंद की खेती करता आ रहा है। किन्तु आधुनिक तकनीकी ज्ञान से वंचित है। बुन्देलखण्ड में कंदीय फसलों को बढ़ावा एवं वर्तमान में ली जा रही फसलों के विपुल उत्पादन एवं नई किस्मों की उपलब्धता हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक क्षेत्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान जिले में खोले जाना आवश्यक है। इस संस्थान के खुलने से न केवल बुन्देलखण्ड अपितु सम्पूर्ण 'मध्यभारत' को इसका लाभ होगा। दूसरे ज्ञापन में मांग की गई कि जिले में केन्द्रीय उद्यानिकी महाविद्यालय खोला जाये क्योंकि बुन्देलखण्ड का टीकमगढ़ जिला उच्चशिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत ही पिछड़ा जिला है और यहाँ के लोगों का जीवन यापन अधिकतर कृषि पर आधारित है, किन्तु उच्च शिक्षा एवं तकनीकी अज्ञानता के कारण लोग परम्परागत खेती करने को मजबूर है और इसी कारण लघु एवं सीमांत किसान, खेतिहर मजदूर पलायन करने को विवश हो जाते है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुये भारत सरकार ने बुन्देलखण्ड में उच्चशिक्षा एवं तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने की दृष्टि से रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की है। किन्तु अभी भी टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर जैसे फल, फूल, सब्जी उत्पादक जिलों को इसका कोई लाभ नहीं मिल सका है जबकि हमारे इन जिलों में 70 प्रतिशत भूमि बलुई एवं बलुई दोमट है। सीमित सिंचाई संसाधनों की स्थिति में इन जिलों में फल, फूल, सब्जी और औषधीय खेती ही किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने में लाभकारी सिद्ध होगीं पूर्व विधायक श्रीवास्तव नें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को याद दिलाया कि उच्चशिक्षा एवं अनुसंधान कार्यों के लिये जिले में केन्द्रीय उद्यानिकी महाविद्यालय खोले जाने संबंधी विषय में आपके मुख्यमंत्रित्व काल में जिले में होर्टीकल्वर महाविद्यालय खोले जाने का आश्वाशन भी बजट अनुदान मांगों के समय विधानसभा में दिया गया था, जो आज तक लम्बित हैं इसलिए शीघ्र ही आदेश जारी कर जिले सहित संपूर्ण बुंदेलखंड के किसानो को लाभान्वित किया जाये।

---

### उधारी के रुपए वापस मांगने पर मारपीट

ललितपुर। अमरपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखनपुरा अंतर्गत मजरा नन्दीपुरा में रहने वाले उमेश यादव पुत्र मूलचन्द्र ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उससे ग्राम ककरूआ निवासी शेखर ने फोन कर अपने उधारी के 1500 रुपये लिया था। इस पर शेखर ने उसे 2-3 दिन में रुपये वापस करने को बोला था। बताया कि वह नेहरू नगर में पाइप लाइन का कार्य कर रहा है, जिस कारण वह नेहरूनगर में किराये से निवासरत है। बताया कि 1 सितम्बर को रात करीब 10 बजे उसे रुपयों की आवश्यकता थी, जिस पर वह शेखर के पास रुपये मांगने पहुंचा, जहां शेखर ने उसे स्टेशन के पास स्थित एक लॉज के पास बुलाया। जब वह उक्त स्थान पर पहुंचा और अपने रुपये वापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने नाराज होकर अपने एक साथी के साथ मिलकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। इस हमले में उसे काफी चोटें आयीं हैं।

---

### फरार आरोपियों के न पकड़े जाने पर पीड़िता नें दी भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी

# सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को झेलनी पड़ रही धमकियां, पुलिस साधे मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पुलिस थाना दिगौड़ा में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपी द्वारा पीड़ित महिला को लगातार धमकियां दी जा रही है। आरोपी द्वारा पीड़ित महिला व उसके परिजनों पर राजीनामा करने का दबाव ड़ालते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जबकि दिगोड़ा पुलिस द्वारा उक्त फरार आरोपी को घटना दिनांक से 3 माह गुजर जाने के बाद भी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पीड़ित महिला नें धमकियों से तंग आकर पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में अल्टीमेटम और चेतावनी देते हुए कहा कि अगर फरार आरोपी को 7 दिनों में गिरफ्तार नहीं किया गया तो पीड़ित महिला को भूख हड़ताल पर बैठने के लिये मजबूर होना पड़ेगा।

**वन विभाग के बाबू पर लगा था नौकरी दिलाने के बहाने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप**

पीड़ित ने बताया कि वन विभाग में बाबू के पद पर पदस्थ आरोपी सुरेश अहिरवार द्वारा 7 जून को पीड़ित महिला को नौकरी दिलाने के बहाने बुलाकर पीड़ित के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना दिगौड़ा में दर्ज की गई थी जिस पर आरोपी के विरूद्ध धारा 127 (2), 351 (3), 70 (1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है जिसमें घटना के बाद से ही आरोपी सुरेश फरार चल रहा है और आरोपी एवं उनके परिवार वालों द्वारा आये दिन प्रार्थिया एवं उसके परिवार वालों को धमकी द रहे हैं और कह रहे हैं कि अगर तुम लोग इस मामले में राजीनामा नहीं करोगे तो तुम लोगों को जान से खत्म कर देंगे और तुम्हारा परिवार मिटा देंगे जिससे पीड़ित एवं उसका पूरा परिवार भयभीत बना हुआ है और उन्हें अपनी जान का खतरा है जिसके संबंध में पीड़ित महिला द्वारा पुलिस थाना दिगौड़ा में शिकायत की गई लेकिन पुलिस थाना दिगौड़ा द्वारा आरोपी सुरेश को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है और न ही उसके पारिवार वालों के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की जा रही है जिससे पीड़ित महिला एवं उसका पूरा परिवार



डरा हुआ है। पीड़ित महिला नें बताया कि पुलिस थाना दिगौड़ा के तत्कालीन थाना प्रभारी संदीप सोनी द्वारा आरोपी सुरेश से सांठगांठ करके सुविधा शुल्क लेकर उसे छोड दिया गया था। और फिर जानबूझकर गिरफ्तार नहीं किया गया। क्योंकि ज़ब तत्कालीन थाना प्रभारी दिगौड़ा संदीप सोनी द्वारा सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों से सांठ गांठ कर प्रकरण पंजीबद्ध नहीं किया जा रहा था तब पुलिस अधीक्षक एवं जतारा एसडीओपी से शिकायत की गई थी। तब उनके हस्तक्षेप के बाद ही सामूहिक दुष्कर्म का प्रकरण कायम किया गया था। इसलिए तत्कालीन थाना प्रभारी संदीप सोनी और पुलिस दिगौड़ा द्वारा शुरू से ही सुरेश अहिरवार का पक्ष किया जा रहा है। पीड़ित ने ज्ञापन में बताया कि रात्री में पीड़िता की एमएलसी होने के बाद थाना प्रभारी और स्टॉफ के द्वारा धमकाकर पुनः एमएलसी कराई गई और संबंधित डॉक्टर के घर जाकर एमएलसी कराई गई। जो संदेहास्पद है। पीड़ित की एमएलसी में फेर बदल किया गया है जिससे आरोपियों को बचाया जा सके। इस कारण से करीब 3 माह बीतने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है जिससे पीड़िता को व उसके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है क्योंकि आरोपी सुरेश की पत्नी विमलेश अहिरवार उसके भाई रामगोपाल अहिरवार और उसके सहयोगी विजय रैकवार द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही हैं।

### 7 दिन में गिरफ्तार करो वर्ना बैठूंगी भूख हड़ताल पर

पीड़ित महिला ने अपने आवेदन में कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए यदि आरोपी सुरेश को 7 दिवस के अन्दर गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो पीड़ित एवं उसके पुरे परिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसलिए पुलिस थाना दिगौड़ा में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी सुरेश अहिरवार को तत्काल गिरफ्तार कराकर पीड़ता एवं उसके परिवार को न्याय दिलाया जाये।

## मुक्तिनाद नगर में हुई 80 हजार रुपए की चोरी का खुलासा

# राजस्थान के निकले चोर, जिन्होंने दिनदहाड़े पार किए थे 80 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शहर के मुक्तिनाद नगर में करीब दो सप्ताह पहले कपडा व्यापारी के घर में दिनदहाडे हुई 80 हजार रूपए की चोरी के मामले का कोतवाली थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया है। साथही उनके कब्जे से 60 हजार रूपए की राशि भी बरामद कर ली है। खास बात यह है कि पकडे गए दोनों चोर आपस में दोस्त है और राजस्थान के करौली जिले के रूपपुरा गांव के निवासी है। इसमें मुख्य आरोपी तो कुछ दिन पहले ही राजस्थान की सवाईमाधोपुर जेल से जमानत पर छूटकर बाहर निकला है। जिसने अपनी आर्थिक तंगी को मिटाने के लिए जेल से बाहर निकलते ही यहां श्योपुर में 80 हजार रूपए की चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला।

बता दें कि श्योपुर के मुक्तिनाद नगर निवासी कपडा व्यापारी रामनरेश पुत्र रामरतन वैष्णव ने 24 अगस्त को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 अगस्त को जब वह दुकान पर था और उसके बच्चे स्वतंत्रता दिवस के समारोह में शामिल होने के लिए गए थे,तभी उसके घर के अंदर से अलमारी में रखे 80 हजार रूपए चोरी हो गए। काफी खोजबीन के बाद भी रूपयों का पता नहीं चला है। इसके साथही उसने वीरेन्द्र उर्फ वीरू मीणा निवासी रूपपुरा थाना सपोटरा जिला करौली राजस्थान पर संदेह भी व्यक्त किया था। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद एसपी वीरेन्द्र जैन ने तत्काल कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित करते हुए इस वारदात का खुलासा जल्द करने के निर्देश दिए।इसके बाद पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से चोरी की इस वारदात का खुलासा करते हुए वीरेन्द्र उर्फ वीरू मीणा पुत्र रूकमकेश मीणा 19 वर्ष निवासी रूपपुरा जिला करौली और उसके दोस्त रिंकू पुत्र शिवदयाल खटीक 19 वर्ष निवासी रूपपुरा जिला करौली राजस्थान को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान वीरेन्द्र ने कबूल कर लिया है कि चोरी की यह वारदात उसने अपने दोस्त रिंकू के साथ मिलकर अंजाम दी है।



### सवाईमाधोपुर में दर्ज हो गया था केस

कोतवाली थाने के उप निरीक्षक प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि श्योपुर से जाने के बाद वीरू मीणा के खिलाफ राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले में एक धोखाधडी की एफआईआर दर्ज हो गई। इसलिए सवाईमाधोपुर पुलिस ने उसे अरेस्ट कर जेल में दाखिल कर दिया। गुजरे अगस्त के महीने भी वीरू सवाईमाधोपुर की जेल से छूटकर बाहर आ गया। इस दौरान उसके पास आर्थिक तंगी स्थिति बन गई। इसलिए उसने मौका पाकर 15 अगस्त को लक्की से मिलने के बहाने रामनरेश के घर जाकर 80 हजार रूपए की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया।

### वीरू ने इस चोरी से एक तीर से दो निशाने साधे

कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि राजस्थान के रूपपुरा निवासी आरोपी वीरेन्द्र उर्फ वीरू मीणा ने कपडा व्यापारी के यहां 80 हजार रूपए की चोरी की वारदात को अंजाम देकर एक तीर से दो निशाने साधने का काम किया है। यानि इस वारदात से पूर्व में हुए विवाद का न केवल बदला पूरा हुआ,बल्कि सवाईमाधोपुर जेल में बंद होने के दौरान निर्मित हुआ आर्थिक संकट भी इस वारदात के जरिए दूर हो गया। बता दें कि वीरू मीणा का यहां श्योपुर में फक्कड चौराहे पर जीजा राकेश मीणा रहता है। इसलिए वीरू श्योपुर में रहकर पढाई करने के लिए यहां आया था। राकेश ने वीरू के लिए रामनरेश वैष्णव के पास के एक मकान में किराए से कमरा खुलवा दिया। जहां रहने के दौरान वीरू की रामनरेश के बेटे लक्की से दोस्ती हो गई। लेकिन किसी बात को लेकर रामनरेश और वीरू के बीच विवाद हो गया और इस विवाद के कारण उसे कमरा खाली करना पडा। उस समय वीरू ने ठान लिया था कि एक दिन इस विवाद का बदला जरूर लूंगा।

### इधर दो मकानों की दीवार फोड़कर सवा लाख से अधिक का माल समेट ले गए चोर

श्योपुर। आवदा थाना क्षेत्र स्थित हलगांवडा बुजुर्ग की टपरा बस्ती में रात्रि के दौरान चोर दो मकानों की दीवार फोडकर सवा लाख से अधिक का माल समेट ले गए। बताया गया है कि हलगांवडा बुजुर्ग की टपरा बस्ती निवासी लोकेश जांगिड के परिवार के लोग जब बुधवार गुरूवार की दरमियानी रात को गहरी नींद में सो रहे थे,तभी चोर घर के पीछे की दीवार फोडकर घर में दाखिल हो गए और अलमारी में रखे 1 लाख 10 हजार नकदी और चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। जबकि कृपा धाकड के मकान से चोर दीवार फोडकर धान से भरा एक बोरा चोरी कर ले गए। हालांकि चोरों ने यहां तीसरे मकान में चोरी करने का प्रयास किया,लेकिन इसमें उन्हें वहां सफलता नहीं मिली है। आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि चोरी की मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## जुलूस का कई जगह किया गया स्वागत

# दाउदी बोहरा समाज ने निकाला जुलूस, सुन्नी समुदाय आज मनाएगा ईद मिलादुन्नबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मोत्सव 12 रबी उल अव्वल गुरूवार को दाउदी बोहरा समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर एक जुलूस निकाला गया जो शहर के प्रमुख बाजारों से होकर गुजरा।

दाऊदी बोहरा समाज के प्रवक्ता सिराज दाउदी ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आलिम साहब के नेतृत्व में गुरुवार को सुबह 8:00 बजे से मस्जिद प्रांगण वार्ड नं 4 से एक जुलूस निकाला गया जो छारबाग टीला मोहल्ला किला रोड से होते हुए सुबात कचहरी से जय स्तंभ होता हुआ वापस सुबात कचहरी से बौहरा बाजार मस्जिद चौक जमात खाने पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में ऊंट घोड़ा गाड़िया भी सजा धजा कर निकाली गई। बाजार में दूसरे समुदाय के लोगों ने भी जुलूस में शामिल दाउदी बोहरा समुदाय के धर्मावलंबियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जमातखाना में स्कूली बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



### आज मनेगा ईद मिलादुन्नबी पर्व

सुन्नी मुस्लिम समुदाय ईद मिलादुन्नबी पर्व शुक्रवार को मनाएगा। इस अवसर पर शहर में एक जुलूस निकाला जाएगा जिसके बारे में जानकारी जुलूस प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष अनवर रंगरेज ने देते हुए बताया कि बीते दिनों शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि जुलूस हर साल की तरह मदरसा फारुकिया कर्बला रोड से निकलेगा जो बड़ा इमामबाड़ा छारबाग टीला मोहल्ला, बौहरा बाजार, सुबात चौराहा से मेन बाजार गांधी पार्क के स्तंभ से 6 मजार होता हुआ पुरानी पुलिस लाइन के सामने श्री रामतलाई हनुमान मंदिर के आगे से वापस जय स्तंभ गांधी पार्क और यहां से मेन बाजार से सुबात चौराहा पहुंचेगा यहां से जुलूस गणेश बाजार के बजाए किला रोड से भैंस पाड़ा कर्बला रोड होते हुए नौगजा पीर कर्बला के पास पहुंचकर सम्पन्न होगा।

# पयुर्षण पर्वः उत्तम त्याग धर्म से ही जीवन होता है सार्थकःअरिहंत शास्त्री

## आज रिद्धि मित्रों से 108 कलशों के साथ पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर में दिगंबर जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे पयुर्षण पर्व के आठवें दिन आयोजित प्रवचन के दौरान पं अरिहंत जैन शास्त्री ने उत्तम त्याग धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे शरीर के लिए जितना श्वास लेना आवश्यक है उतना ही सांस को छोड़ना भी आवश्यक है भोजन का ग्रहण करना आवश्यक है तो भोजन का विसर्जन करना भी आवश्यक होता है हम सिर्फ ग्रहण करते जाएंगे और छोड़ेंगे नहीं तो हमारा स्वास्थ्य खराब हो जाएगा इस प्रकार हम धन पैसा जितना ग्रहण करते जाएंगे उतना ही हमको उसका दान त्याग करना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि सच्चा जीवन त्याग में ही निहित है। सूर्य निरंतर प्रकाश का त्याग करता है, इसलिए सदैव देदीप्यमान है। उन्होने कहा कि केवल धन का त्याग ही त्याग नहीं है, बल्कि राग,द्वेष और कषायों का त्याग ही सर्वोत्तम त्याग है। इसके पूर्व प्रातः शांति धारा अभिषेक सुरेश चन्द, अनिल कुमार गोधा, हीरादेवी, शैलेंद्र कुमार कनकलीला, महेंद्र अमित बड़जात्या परिवार के द्वारा की गई। जबकि शाम को फैन्सीड्रस प्रतियोगिता रखी गई है।पांच सितंबर को रिद्धि मित्रों से 108 कलशों के साथ पूजन किया जाएगा।



# बच्चे को साथ ले जाने की बात पर पति-पत्नी के बीच झगड़ा, चले लात घूसे और चप्पल

## विजयपुर कस्बे का मामला, क्रॉस एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर कस्बे में तहसील कार्यालय के सामने गुरूवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पति पत्नी और उनके परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया और उनके बीच जमकर लातघूसे और चप्पले चल गई। यह विवाद मां के साथ रह रहे ढाई साल के बच्चे को पिता के द्वारा जबरदस्ती अपने साथ ले जाने की बात को लेकर हुआ। इस विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मारपीट की एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम मढा निवासी पिंकी कुशवाह और ग्राम बाढखेडा निवासी भारती कुशवाह आपस में पति पत्नी है। लेकिन इनके बीच पिछले तीन साल से दहेज एक्ट और भरण पोषण का मामला विजयपुर के न्यायालय में चल रहा है। इसलिए ढाई साल का बालक अपनी मां भारती के साथ रह रहा है। गुरूवार को भारती कुशवाह अपने पिता और बच्चे के साथ कुछ सामान की खरीदारी करने के लिए विजयपुर आई थी। जिन्हें तहसील के सामने पति पिंकी कुशवाह और उसके परिवार व रिश्तेदार मिल गए। जिन्होने कोर्ट में चल रहे विवाद में राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया। इसी दौरान भारती की गोद से उसके बच्चे को पति पिंकी जबरदस्ती अपने साथ ले जाने लगा। लेकिन भारती ने बच्चे को ले जाने का विरोध करते हुए साफ कह दिया कि बच्चा मेरे साथही रहेगा। इसके बाद दोनो पक्षों के बीच शुरू हुई गाली गलौच देखते ही देखते विवाद में बदल गई और दोनों तरफ से लातघूसे और चप्पले चल गई। इस दौरान एक तरफ से पत्नी भारती और उसका पिता शिवसिंह कुशवाह जख्मी हो गया। वहीं दूसरी तरफ से पति पिंकी कुशवाह चोटिल हो गया। विजयपुर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि इस मामले में पति पिंकी कुशवाह की रिपोर्ट पर उसकी पत्नी भारती, ससुर शिव सिंह तथा रिश्तेदार भरत कुशवाह तथा पत्नी भारती कुशवाह की रिपोर्ट पर उसके पति पिंकी कुशवाह, ससुर महेश कुशवाह, जीजा नरेश व जीजा के भाई चीमा कुशवाह के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।



# नवविवाहिता ने चंबल नदी में लगाई छलांग,राजस्थान के युवकों ने बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव गुरनावदा निवासी एक नव विवाहिता महिला ने गुरूवार की दोपहर को पाली पुल पर पहुंचकर वहां से चंबल नदी में छलांग लगा दी। जिसके बाद हडकंप मच गया। नव विवाहिता के मायके और ससुराल पक्ष के लोग यहां पहुंच गए। आसपास के लोगों की भीड भ पुल पर जमा हो गई। सामरसा चौकी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नव विवाहिता को तलाशने के लिए चंबल नदी में उतर गई। नदी में बहती जा रही इस नव विवाहिता को राजस्थान के उनियाला घाट के पास वहां के युवको ने नदी में कूदकर सकुशल बचा लिया। फिलहाल नव विवाहिता को इलाज के लिए सवाईमाधोपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मानपुर टीआई पीएस यादव ने बताया कि चंबल नदी में छलांग लगाने वाली नव विवाहिता निशा 20 वर्ष पत्नी सतीश जाट की गुरनावदा गांव में ससुराल है। जबकि राजस्थान के ठेंगला गांव में उसका मायका है। करीब एक डेढ साल पहले उसकी शादी हुई है। नव विवाहिता ने अचानक नदी में कूदने का आत्मघाती कदम क्यों उठाया है,इसका फिलहाल पता नही हैं। लेकिन दोपहर में जैसे ही इस मामले की खबर मिली,वैसे ही हमने पुलिस टीम को मौके पर भेज दिया और एसडीआरएफ की टीम को सूचना देकर बुलाकर उसकी तलाश चंबल नदी में शुरू कर दी। नव विवाहिता को राजस्थान सीमा में सकुशल निकाल लिया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए सवाईमाधोपुर अस्पताल दाखिल करा दिया है।

# अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्मःशास्त्री

## भागवत कथा में अंतिम दिन कृष्ण-सुदामा चरित्र का वर्णन,भंडारे के साथ कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शहर में नगर पालिका के पीछे स्थित श्री मुरली मनोहर महाराज के मंदिर पर चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित कृष्ण मुरारी शास्त्री ने सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा।

कथा व्यास ने कहा कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। उन्होने कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे,जो कि मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे। उन्होने कहा कि भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इसके बाद विधिवत पूर्णाहुति और भंडारे के साथ इस भागवत कथा का समापन किया गया।



## निजी हाथों में जाने के बाद और अधिक असुरक्षित हो गया श्योपुर किला

# भरभराकर गिरी दरबार हॉल के पास बनी दीवार, किले के अस्तित्व पर लगा प्रश्नचिन्ह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीती रात को हुई झमाझम बारिश का असर ऐतिहासिक श्योपुर किला में विपरीत रूप से तब देखने को मिला, जब बुधवार—गुरुवार की रात सीप नदी की ओर स्थित दरबार हॉल के पास वाली दीवार भरभराकर गिर गई। लोग दीवार के गिरने का कारण किला परिसर के भीतर दीवार में लगातार पानी भरना बता रहे हैं। दीवार में पानी भराव की सूचना वहां मौजूद स्टाफ ने समय पर नहीं दी अन्यथा उक्त जल भराव वाले स्थान पर मिट्टी डालकर दीवार को गिरने से बचाया जा सकता था। ज्ञात हो कि इस ऐतिहासिक किले को मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने निजी हाथों में सौंप दिया है जिसके चलते किले को लीज पर लेने वाली एजेंसी ने विगत 6 माह से किला के गेट पर ताले डाल कर किसी भी नागरिक का प्रवेश रोक दिया है। साथही इस परिसर में रहने वाले पुरातत्व विभाग के कर्मचारियों के भी आने जाने पर बंदिश लगा देने से किले में क्या हो रहा है इसकी जानकारी भी किसी को नहीं मिल पा रही है। इसी कारण दीवार में पानी भरने की सूचना नहीं मिली जिससे दीवार भरभराकर गिर गई। इस दीवार के गिरने के बाद इस प्राचीन और ऐतिहासिक किले के अस्तित्व पर संकट आ गया है। ज्ञात हो कि 2021 में आई बाढ़ में भी किले की दीवारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई थीं। आज आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर किला की दीवारें टूट कर गिरी हुई हैं।

किला परिसर के भीतर जहां सहरिया संग्रहालय बना हुआ है के सामने दरबार हॉल से लगी दीवार बीती रात भरभराकर गिर गई इस विशाल दीवार के गिरने का धमाका ऐसा हुआ कि पूरा किला क्षेत्र के लोग यह सोचकर घरों से बाहर निकल आए कि शायद भूकंप न आ गया हो। बाद में पता चला कि किला की दीवार गिर गई है। दीवार के गिरने की जानकारी के बाद सीप नदी पर बने पुल पर रात को ही भीड़ एकत्रित हो गई। अधिकतर लोगों का यही कहना था कि दीवार बहुत मजबूत थी उसके गिरने के कोई चांस नहीं थे लेकिन निजी कंपनी जिसने किले को लीज पर लिया है कि लापरवाही के चलते दीवार में पानी लगातार भर जाने के कारण दीवार गिरी है ऐसी ही लापरवाही से और भी नुकसान का अंदेशा व्याप्त है खासकर दरबार हाल ओर डाक बंगला का लोगों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा से मांग की है कि किले के संरक्षण के लिए एक निगरानी समिति बनाई जाए जो किला संरक्षण के लिए रिपोर्ट तैयार करे और निजी कंपनी जिसे किले का संरक्षण करने की जिम्मेदारी दी को अनुबंध शर्तों अनुसार गिरी हुई दीवारों का तत्काल मेंटेनेंस करने के निर्देश दें।



### पर्यटन विभाग को दिया संवारने,उसने बेचा निजी कंपनी को

जिला प्रशासन ने किले को संवारने के उद्देश्य से उसे मध्य प्रदेश पर्यटन विकास विभाग के सुपुर्द इस उम्मीद से कर दिया था कि शायद पर्यटन विकास विभाग वहां पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए पैसा खर्च करें पर पर्यटन विकास विभाग ने उसे टेंडर लगाकर निजी कंपनी को लीज पर दे दिया। अब निजी कंपनी ने किला परिसर में घुसने पर ही आम नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है और उसे हेरिटेज होटल के रूप में विकसित कर रही है। किला की जो इमारतें पहले पुरातत्व विभाग के माध्यम से संरक्षित श्रेणी में थी उसे भी डी नोटिफाई कर हटा दिया गया है जिससे पुरातत्व विभाग की संरक्षित धरोहर राजा मनोहर दास की छतरियां, घुड़साल, एंटीक मूर्तियों का संग्रहालय और सहरिया संग्रहालय का अस्तित्व भी संकट में आ गया है।

### आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर गिरी हुई हैं दीवारें


यह कोई पहला अवसर नहीं है जब किला की दीवार इस तरह गिरी हो इससे पहले भी कई बार दीवार गिर चुकी है। डेढ़ दशक पहले किला के मुख्य गेट के बाहर काजी जी के मकान के सामने गुरु महल की दीवार भी बारिश के समय भरभराकर गिर गई थी। तब से लेकर अब तक इस दीवार का मेंटेनेंस नहीं कराया गया है। वर्ष 2021 में आई बाढ़ में भी किले को बुरी तरह नुकसान पहुंचा है राम मंदिर के सामने वाली दीवार भी बाढ़ के दौरान गिर गई थी साथ ही राम मंदिर से आगे सीप नदी को रोकने वाली दीवार उखाड़ कर नदी में बह गई थी तिलमिश्री घाट वार्ड क्रमांक 23 में भी 2021 में आई बाढ़ के कारण ढह चुकी है। कुल मिलाकर आज भी किले की दीवारें आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर टूटी हुई है किला इस हालत में नहीं है कि निजी कंपनी उसे पर्यटकों के लिए होटल के रूप में संचालित कर सके।

# ईद मिलादुन्नबी का जश्न मनाने एकत्रित की धन राशि बाढ़ पीड़ितों को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जिला मुख्यालय से करीब 7 किलोमीटर दूर बसे कनापुर गांव के मुस्लिम समुदाय ने पंजाब में आई बाढ़ से बर्बाद हुए लोगों की मदद के लिए ऐसी अनुकरणीय पहल की, जिसकी चर्चा खूब हो रही है। दरअसल मुस्लिम बाहुल्य इस गांव में 5 सितंबर को मनाए जाने वाले ईद मिलादुन्नबी के पर्व का जश्न मनाने के लिए नगद राशि के रूप में चंदा एकत्रित किया था लेकिन बाद में बैठक कर सभी ने एक राय से इस बार ईद मिलादुन्नबी का जश्न साधारण तरीके से मानने और जो पैसा एकत्रित हुआ है उसे पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए सुपुर्द करने का निर्णय लिया इसके बाद ढोटी गुरुद्वारा पहुंच कर मुस्लिम समुदाय ने उक्त पैसा और खाद्यान्न सिख संगत के सुपुर्द कर दिया।

कनापुर के सरपंच एहसान खान और पूर्व सरपंच इकराम खान ने बताया कि इस बार ईद मिलादुन्नबी पर्व अकीदत के साथ मनाया जाएगा, मस्जिदों में उलेमा ए दीन की तकरीर (धार्मिक प्रवचन) आयोजित किए जाएंगे बच्चों को पुरुस्कार वितरण आदि कार्य भी होगा लेकिन फ़िजूल खर्ची नहीं की जाएगी। जो पैसा एकत्रित किया है उसे पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए ढोटी गुरुद्वारा पहुंच कर चंदा में एकत्रित हुए 37700 रुपए और एक ट्रॉली गेंहू गुरु अर्जुनदेव गुरुद्वारा साहब ढोटी ओर सिख संगत के सुपुर्द किया सिख संगत ने इस विपदा की घड़ी में कनापुर वासियों द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए आभार जताया है।



### मालवा की बारिश का चंबल में दिखा असर,श्योपुर बारां मार्ग बंद

श्योपुर। गुरूवार को आसमान साफ रहने से बीते दो-तीन दिनों से हो रही बारिश से लोगों को राहत मिली लेकिन पार्वती नदी में गुरूवार को उफान आ जाने से श्योपुर से बारां राजस्थान का सडक संपर्क कट गया। पार्वती नदी में उफान मालवा में हुई बारिश के वजह से आया है। श्योपुर जिले की सीमा को राजस्थान से विभाजित करती हुई गुजरी पार्वती नदी में मालवा में होने वाली बारिश का असर हमेशा देखने को मिलता है जब चंबल क्षेत्र में बारिश नहीं होती है तब भी इस नदी में अचानक उफान आ जाता है जिसके चलते श्योपुर का संपर्क राजस्थान से कटा रहता है। हालांकि यह समस्या पहले श्योपुर कोटा के रूट पर अधिक थी लेकिन अब खातौली के पास बड़ा पुल बन जाने से इस समस्या का बहुत हद तक हल हो चुका है लेकिन कुहांजापुर के पास जो पुल बना हुआ है वह अभी भी आए दिन पार्वती नदी में उफान आ जाने से डूब जाता है। गुरुवार को भी दिनभर पुल पर पानी रहने से आवागमन बाधित रहा।

## गर्ल्स कॉलेज में सोशल मीडिया और संस्कार विषय पर शिक्षक संवाद हुआ

# शिक्षक मील के पत्थर हैं, जो नई पीढ़ी को दिशा बोध कराते हैं: डॉ. रश्मि जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत सोशल मीडिया और संस्कार विषय पर शिक्षक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि जैन ने कहा शिक्षक ने देश के विकास में अपना योगदान एवं नई पहचान दी है' शिक्षक मील के पत्थर हैं जो नई पीढ़ी को दिशा बोध कराते हैं' मुख्य वक्ता केके जैन व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने कहा सोशल मीडिया के युग में नई पीढ़ी के संस्कारों की




संभाल जरूरी है। यह पीढ़ी अगर संस्कार लेकर चलेगी तो कभी भटक नहीं पाएगी। विद्यार्थी अपनी एक जेब में सोशल मीडिया रखें और दूसरी जेब में संस्कारों को लेकर चले यह उत्थान के लिए श्रेष्ठ पहल होगी' राघवेंद्र कुर्मी व्याख्याता शा.उ.मा कन्या विद्यालय ने कहा जिसके संस्कार दृढ़ होते है वह सोशल मीडिया का दुरुपयोग नहीं कर सकता है' डॉ उमा लवानिया ने कहा शिक्षक समाज में महत्वपूर्ण योगदान देता है एवं सोशल मीडिया एवं संस्कार का अंतर संबंध है' कार्यक्रम का संचालन आरती ठाकुर अतिथि विद्वान वाणिज्य ने किया एवं आभार डॉ आशीष गुप्ता ने माना। इस अवसर पर डॉ दीपमाला सिंह, डॉ दिनेश राय, डॉ विशाल मिश्रा, डॉ हरिशंकर सेन, डॉ रश्मि द्विवेदी, यशवंत शर्मा, प्रशांत कुशवाहा, नवीन नामदेव, अरुण उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर नशे के बताए दुष्परिणाम






**बीना।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा भानगढ़ में आयोजित कथा में बुधवार को सभी श्रद्धालुओं को जीवन में सदा नशे से दूर रहने और परिवार में नशा से ग्रस्त लोगों को नशा छुड़ाने का संकल्प कराया गया। इस दौरान बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताए। कथावाचिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने कहा कि नशा चाहे व्यसन का हो या पद,धन, अहंकार का वह जीवन बर्बाद कर देता है। जीवन की नाश कर देता है। वहीं ईश्वरीय नशा हमें भवसागर से पार लगा देता है। यदि नशा करना ही है तो प्रभु के प्रेम में खो जाएं। सुबह, शाम, उठते, बैठते बस एक उसकी याद ही रहे। परमात्मा को अपना बना लेने के बाद जीवन में कुछ पाना शेष नहीं रह जाता है। इस मौके पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके जानकी दीदी, बीके सरस्वती दीदी, बीके मधु दीदी, बीके रिया दीदी, बीके आरती दीदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आध्या, रोशनी एवं अनिरुद्ध का सागर संभाग की टीम में हुआ चयन



**बीना।** 24 से 26 अगस्त तक आयोजित संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय चयन में अपनी जगह बनाई है। स्कूल के बालिका वर्ग से आध्या तोमर और रोशनी पिसाल, वहीं बालक वर्ग से अनिरुद्ध नापित का चयन सागर संभाग की टीम में हुआ है। विद्यालय के संचालक विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल एवं अकादमिक निदेशक संतोष कुमार रजक ने खिलाड़ियों एवं कोच गीतेश रैकवार, करतार यादव, कोमल पटेल एवं शिखा मिश्रा को बधाई देते हुए चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

मुख्यालय पर निवास नहीं कर रहे पशु चिकित्सा अधिकारी, सड़कों पर गोवंश

## सड़कों पर दम तोड़ता गोवंश, पशु विभाग का जिम्मेदारियों से किनारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस।



नेशनल फोरलेन हाइवे 46 पर आज भी गोवंश सडक हादसों का शिकार होकर दम तोड रहा है। जो गोवंश हादसों में गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं उन्हें भी घायल अवस्था में उपचार के अभाव में काफी पीडा सहनी पड रही है। जबकि हालहि में कोलारस विधायक महेन्द्र यादव व एसडीएम अनूप श्रीवास्तव के नेत्रत्व में सभी विभागों के प्रमुखों, भाजपा के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, सरपंच, सचिवों, गोसेवक संगठनों व गोशालाओं का संचालन करने वाले सभी लोगों की एक बैठक आईटीआई में आयोजित की गई थी।

इसका मुख्य उददेश्य फोरलेन हाइवे पर विचरण करने वाले गोवंश को सुरक्षा प्रदान कर गोशालाओं तक पहुंचाना और दुर्घटना ग्रस्त गायों का उचित उपचार कर उनको सुरक्षित स्थान पर भेजना था। इसके लिए विधिवत सभी विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। खुद एसडीएम अनूप श्रीवास्तव देर रात्रि तक फोरलेन हाइवे का निरीक्षण करते नजर आए और बेसहारा गोवंश को ग्राम पंचायत बेरसिया की गोशाला में भिजवाया भी गया। नगर पंचायत अमले ने भी पूरी मुस्तैदी से इस गो सुरक्षा के पुनीत कार्य में अपना पूरा योगदान दिया। किंतु पशु विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज भी गो सुरक्षा को लेकर उदासीन बने हुए हैं। यहां तैनात अफसरों को एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि लगातार फोरलेन हाइवे पर दल बनाकर निरीक्षण करते रहें और हाइवे पर विचरण करने वाले गोवंश को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की मुहिम जारी रहे। साथ ही जो गोवंश दुर्घटना का शिकार हुआ है और घायल अवस्था में पीडित है, उसे तुरंत उचित उपचार मुहैया कराकर संबंधित विभाग के सहयोग से गोशालाओं तक सुरक्षित भिजवाया जाए। लेकिन न केवल शहरी क्षेत्र में वरन कोलारस एरिया के फोरलेन हाइवे पर आज भी सैकडों गोवंश असुरक्षित विचरण कर रहा है। जिससे कभी भी बडी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

पशु चिकित्सा विभाग को इस कार्य के लिए लगातार फोरलेन हाइवे पर निरीक्षण करना था और आवारा गोवंश को चिन्हित कर उसको वरिष्ट अधिकारियों के सहयोग से गोशालाओं तक पहुंचाया जाना था। किंतु बैठक के बाद पशु चिकित्सा विभाग गोवंश को लेकर गंभीर नहीं है। यहां पदस्थ अधिकारी मुख्यालय पर निवास नहीं कर रहे हैं। पशु चिकित्सा विभाग में तैनात अधिकारी.कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं खोल रहे हैं। कहीं दवाओं का टोटा तो कहीं स्टाफ की कमी बताकर अपने कर्तव्यों पर इतिश्रि कर रहे हैं।

### पशु विभाग नप के सामंजस्य से गोशालाओं तक पहुंचा गोवंश: एसडीएम श्रीवास्तव

एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि मैनें बैठक में सभी विभागों को गोवंश की सुरक्षा को लेकर स्पष्ठ निर्देश और जिम्मेदारियां दे दी हैं। में खुद गोवंश को लेकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहा हूं। साथ ही मेरे द्वारा कोलारस अनुभाग क्षेत्र की सभी गोशालाओं का निरीक्षण भी किया जा रहा है। पशु विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वो लगातार फोरलेन हाइवे पर निरीक्षण कर हाइवे पर विचरण करते गोवंश को नगर पंचायत के सहयोग से गोशालाओं तक सुरक्षित पहुंचाए और उन गायों की टेगिंग भी करे। ताकि सडकों पर विचरण करते हुए गोवंश के कारण न तो किसी प्रकार की दुर्घटना हो और न ही वाहनों से दुर्घटना का शिकार होकर गोवंश सडकों पर दम तोडे। यदि कोई भी विभाग इस पुनीत कार्य में लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करूंगा।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल का हुआ पोहरी में आतिशी स्वागत

**पोहरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्षो की नियुक्ति की जिसमें शिवपुरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल को बनाया गया। जहाँ जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल का मंगलवार को पोहरी नगर में प्रथम आगमन रहा। प्रथम नगर आगमन पर पोहरी विधानसभा अध्यक्ष दीवान सिंह बघेल के नेतृत्व में कार्यालय पर जोशीला स्वागत सत्कार किया गया। जहां जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने सभी का। परिचय प्राप्त किया जिसके बाद स्वागत कार्यक्रम हुआ। जहाँ इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष श्री अग्रवाल ने बताया कि पोहरी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी संगठित है, अब जमीनी स्तर पर कार्य करने बाले कार्यकर्ताओ के संगठन में अग्रणी स्थान दिया जाएगा। इस दौरान जिले में नगर पालिका में चल रहे भृष्टाचार को लेकर कहा कि अभी अधिकारियों पर गाज गिरी है अब उसमें ओर भी लोगो पर कार्यवाही होनी है अगर ऐसा नही होता है तो आगे की रणनीति आंदोलन के तौर पर रहेगी। इस दौरान विधायक कैलाश कुशवाह, दीपक प्रधान, देवीसिंह जदौन- सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बांके बिहारी मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## करैरा में राधा अष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया, लगाया छप्पन भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

नगर सहित आसपास के अंचल में राधा अष्टमी जन्मोत्सव का पर्व भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। श्री राधा-कृष्ण को अपने आराध्य मानने वाले भक्तों की अच्छी.खासी संख्या ने इस अवसर को यादगार बना दिया। बीती शाम करैरा के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर एवं गहोई भवन, बस स्टैंड पर मेरा श्याम परिवार करैरा के भक्तों और महिला मंडल ने मिलकर लाडली राधा रानी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान भजन.कीर्तन, छप्पन भोग और केक काटने जैसे आयोजनों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मेरा श्याम परिवार की महिला मंडल ने राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की। छप्पन भोग का प्रसाद भक्तों के बीच वितरित किया गया। छोटे बच्चों कृतिका अवस्थी को राधा और रिया सेन को कृष्ण के रूप में सजाकर आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। इसके बाद केक काटकर उत्सव की शुरुआत हुई। भजन गायकों ने राधा-कृष्ण के भजनों की मधुर प्रस्तुति दी। जिससे महिलाएंए पुरुष और बच्चे सभी भक्ति में झूम उठे।

देर रात तक चले भजन-कीर्तन के इस आयोजन में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में मेरा श्याम परिवार के अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा, गहोई समाज अध्यक्ष द्वारिका नीखरा, शिक्षक मनोज त्रिपाठी, बृजेश शर्मा, सतीश सादेले, अनिल सोनी, आशीष शर्मा, अंश सोनी, राम बाबू कर्ण, गहोई महिला मंडल अध्यक्ष श्वेता नगरिया, गायत्री साहू, आशीष जैन, गहोई युवा जागृति परिषद अध्यक्ष शुभम कनकने, उपाध्यक्ष आशीष पहारिया, महामंत्री नितिन तीतविलास, कोषाध्यक्ष नितिन नीखरा, नीलम त्रिपाठी, नंदनी गुप्ता, पूजा गुप्ता, निधि सोनी, संजना सेठ और पत्रकार संजय बिलैया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महाकाल समिति पुरानी नपा कोलारस ने गरबा डांडिया की सांस्कृतिक झांकी सजाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

कोलारस महाकाल समिति द्वारा गणेश जी के पंडाल में सुन्दर आकर्षण झांकी लगाई गई। जिसमें सबसे पहले समिति द्वारा गणेश आरती की गई उसके बाद सभी बालिकाओं ने गुजराती सांस्कृतिक नृत्य गरबा डांडिया सांस्कृतिक नृत्य किया गया एवं भगवान के भजनों पर भी जमकर डांस किया गया एवं सभी समिति सदस्य ने झांकी को देखने आए हुए मोहल्ले की माताएं एवं बहनें सभी लोगों को प्रसाद वितरण कर उनका धन्यवाद किया।

## वीरू जाटव बने आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के प्रदेश सचिव

**कोलारस।** कोलारस नगर की इंद्रा कॉलोनी में निवास करने वाले वीरेंद्र जाटव उर्फ वीरु काफी समय से आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहे थे। भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष रहते हुए वीरू जाटव ने समाज के दलित और पीड़ति तबके की लड़ाई लगातार सड़कों पर लड़ी। जिसके



चलते उनका कोलारस में खासा युवाओं का संगठन और समाज में भी पूरी विश्वसनीयता है। वीरू जाटव ने संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का हमेशा पूरी निष्ठा से पालन किया है। गरीब और दलितों की आवाज को उन्होंने हमेशा शिवपुरी जिला प्रशासन तक पूरी मजबूती से उठाया। इसी के चलते अब उन्हें आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी संगठन में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी की हालही में जारी पदाधिकारियों की सूची में प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा गया है। वीरू जाटव के प्रदेश सचिव बनने पर शिवपुरी, कोलारस, बदरवास, पोहरी, बैराड़, पिछोर, खनियांधाना, करैरा आदि क्षेत्रों के समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है।

### श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी विवाह रस्म निभाई

## समस्त इंद्रियों से भागवत रस का पान करे उसे गोपी कहते हैं: आचार्य





**बीना।** खिरिया वार्ड स्थित श्री नर्वदेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य पंडित रूपराम दुबे के मुखारविंद से सभी भक्तों ने दिव्य कथा को श्रवण किया। आचार्य पंडित रूपराम दुबे ने गोपी का मतलब समझाते हुए बताया कि जो समस्त इंद्रियों से भागवत रस का पान करे उसे गोपी कहते हैं। उन्होंने आगे बताया कि भगवान ने अपने भक्तों पर कृपा करने के लिए मथुरा जाकर के कंस रूपी अभिमान का वध किया। मथुरा का परित्याग करके भगवान ने समुद्र के बीच में द्वारकापुरी का निर्माण किया एवं सोते हुए संपूर्ण मथुरा वासियों को भगवान ने अपनी योगमाया के माध्यम से द्वारिकापुरी में बुला लिया। फिर वहां भगवान का रुक्मणी जी के साथ सुंदर पाणिग्रहण संस्कार हुआ। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी के विवाह की सजीव झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने विवाह के दौरान भजनों पर जमकर बधाई नृत्य किया और कथा का भरपूर आनंद लिया।

## चैत्यालय में चल रहे पर्युषण पर्व के आठवें दिन धर्म सभा का हुआ आयोजन

**बीना।** तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय इटावा में चल रहे पर्युषण पर्व के आठवें दिन धर्मसभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य पंडित नेमीचंद गोयल ने त्याग धर्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि जैन धर्म में त्याग का



विशेष महत्व है। त्याग केवल बाहरी वस्तुओं का परित्याग नहीं है, बल्कि यह आत्मा की शुद्धि का मार्ग है। क्रोध, मान, माया, लोभ, का त्याग ही वास्तविक त्याग है। जब व्यक्ति इच्छाओं और आसक्तियों से मुक्त होकर समता में स्थित होता है, तभी वह त्याग धर्म का पालन करता है। उन्होंने आगे कहा कि त्याग से ही आत्मा हल्की और पवित्र होती है। त्याग धर्म से साधक समता शांति, सहजता पूर्वक आत्मकल्याण कर सकते है। त्याग के बिना धर्म का कोई स्वरूप पूर्ण नहीं हो सकता। ग्रहस्थों के लिए भी चार प्रकार के दान पात्र दान, दया दान, अनवय दान, समदान एवं श्रावक के लिए चार प्रकार के दान ज्ञान दान, आहार दान, औषधी दान और अभयदान कहा हैं। उन्होंने बताया कि दान उपयोगी हितकारी वस्तु का किया जाता है। मुनिराज 24 परिग्रहों का त्याग उत्साह पूर्वक करते हैं। इसमें श्रद्धालुओं ने त्याग धर्म महत्ता को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## बिना जांच के अंदाज से मरीजों को ड्रिप व इंजेक्शन लगाकर स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप

### रन्नौद क्षेत्र में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं नियमित नहीं खुलने से झोलाछाप डॉक्टरों के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नेटवर्क



रन्नोद तहसील के गांव-गांव में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। चाय की गुमटियों जैसी दुकानों में झोलाछाप डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। मरीज चाहे उल्टी, दस्त, खांसी, बुखार से पीड़ति हो या फिर अन्य कोई बीमारी से। सभी बीमारियों का इलाज यह झोलाछाप डॉक्टर करने को तैयार हो जाते हैं। खास बात यह है कि अधिकतर झोलाछाप डॉक्टरों की उम्र 15 से 30 साल के बीच है। मरीज की हालत बिगड़ती है तो उन्हें आनन फानन में रन्नोद अथवा जिला अस्पताल शिवपुरी भेज दिया जाता है। जबकि यह लापरवाही स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की जानकारी में भी है। रन्नोद तहसील के ग्रामीण क्षेत्र रन्नोद नगर, खरैह, सजाई, इंदार, खतोरा, अकाझिरी सहित दर्जनों गांव ऐसे हैं। जहां सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रन्नोद पर सुविधाएं नहीं हैं। इसका फायदा सीधे तौर पर झोलाछाप डॉक्टर उठा रहे हैं। खरैह गांव के दशरथ सिंह रघुवंशी के अनुसार गांव में सरकारी इलाज की सुविधा नहीं है। रन्नोद और कोलारस जाना पड़ता है। बीमार होने पर अपनी जान खतरे में डालकर झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराना पड़ता है।

झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा बिना पंजीयन के एलोपैथी चिकित्सा व्यवसाय ही नहीं किया जा रहा है। बल्कि बिना ड्रग लाइसेंस के दवाओं का भंडारण व विक्रय भी अवैध रूप से किया जा रहा है। दुकानों के भीतर कार्टून में दवाओं का अवैध तरीके से भंडारण रहता है। बदरवास रन्नोद क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई सालों से अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय कर रहे लोगों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। मौसमी बीमारियों का कहर से झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें भरी हैं। मौसम और पानी बदलने के कारण इन दिनो उल्टी, दस्त, बुखार जैसी बीमारियां ज्यादा पनप रही हैं। झोलाछाप का इलाज ग्लूकोज की बोतलें लगाने से शुरू करते हैं। एक बोतल की फीस 200 से 400 रुपए तक होती है।

### स्वास्थ्य विभाग नहीं करता कार्रवाई

झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से अब तक कई लोगों की असमय जान चली गई है। रन्नोद नगर में पर बस स्टैंड, रन्नोद रोड़, रन्नोद बस्ती में, अकाझिरी में स्थित प्राइवेट क्लीनिकों पर दो लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने स्थाई तौर पर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं की। रन्नोद तहसील ग्रामीण क्षेत्र में एक बार भी प्रशासन की कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं और प्रशासन दूर से ही इन्हें देख रहा है।

### केस बिगड़ने पर अस्पताल रैफर कर देते हैं मरीज

बीते कुछ वर्षों से फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों की वृद्धि हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में कोई 8 वी पास हैं तो कोई फर्स्ट ईयर की डिग्रीधारी हैं तो कोई अपने आप को बवासीर या दंत चिकित्सक बता रहा है लेकिन इनके निजी क्लीनिकों में लगभग सभी गंभीर बीमारियों का इलाज धड़ल्ले से किया जा रहा है। रन्नोद में कुछ डॉक्टरों ने तो अपनी क्लिनिक में ही ब्लड जांचए यूरीन जांच इत्यादि की सुविधा भी कर रखी है। रन्नोद क्षेत्र के माडा, अकाझिरी, सुनाज, टीलाकलां, देहरदागणेश, इंदार, कुटवारा, पिरोन्ठ, विजरोनि आदि गांव के आसपास उप स्वास्थ्य केंद्र खुले हैं। शासन ने उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन बनवाकर उन पर रंगरोगन करा दिया लेकिन स्टॉफ की माकूल व्यवस्था नहीं की। जिससे यह यह उप स्वास्थ्य केंद्र बंद रहते हैं। यही हालत रन्नोद में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भी है। यह अस्पताल दोपहर 12 बजे बंद हो जाता है। मजबूरन डॉक्टरों को झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ता है।
इनका कहना हैं

### इनका कहना है

हमारे खरैह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन तैयार है। लेकिन कोई डॉक्टर और स्टाफ पद स्थापना नहीं होने चलते मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ता है।

**रवि सिंह,** निवासी खरैह

झोलाछाप डॉक्टरों का मामला आपके द्वारा बताया गया हैं, लेकिन इनकी जांच के लिए जिले में टीम गठित की गई है। उसका में भी सदस्य हूँ जब जिले वाले आयेंगे तब हम कार्यवाही कर पाएंगे।

**डॉ चेतेंद्र कुशवाह,** बीएमओ बदरवास

### चल झांकी को 15 हजार व अचल विजेता 5100 रु

## एक लाख रुपए से अधिक के वितरित होंगे नगद पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

श्री गणेश सांस्कृतिक समारोह समिति कस्टम गेट द्वारा 41 वा श्री गणेश महोत्सव धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है। दस दिवसीय गणेश महोत्सव में 4 सितम्बर को अचल झांकी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। वहीं 5 व 6 सितम्बर को गणेश पार्क कस्टम गेट मंच पर जूनियर व सीनियर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक रामकृष्ण मित्तल, अध्यक्ष मनीष जैन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी सिद्दार्थ लढ़ा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र जैन, राम गुप्ता, सेठ राजेन्द्र गुप्ता व सचिव मुकेश आचार्य ने बताया कि कस्टम गेट मंच पर 5 व 6 सितम्बर को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति द्वारा तय किया गया कि किसी भी प्रतियोगिता में एक से अधिक विजेता होने पर नगद पुरस्कार की राशि समान रूप से विभाजित हो जाएगी। इस बार चल झांकी प्रतियोगिता में प्रथम 15 हजार, द्वितीय 11 हजार, तृतीय 7100 व प्रोत्साहन पुरस्कार 3 हजार एक सौ रुपए का नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। अचल झांकी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम 5100 व जूनियर 3100 रुपए। द्वितीय 3100 व 2100 जूनियर। तृतीय सीनियर 2100 व जूनियर वर्ग को 1100 रुपए के नगद पुरस्कार। पाण्डाल प्रतियोगिता में प्रथम 5100, द्वितीय 3100, तृतीय 2100 व 1100 रुपए के प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

### दो वर्गों में आयोजित होगी नृत्य प्रतियोगिता

श्री गणेश सांस्कृतिक समारोह द्वारा कस्टम गेट मंच पर 5 व 6 सितम्बर को जूनियर व सीनियर वर्गों ग्रुप डांस ए एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें एकल नृत्य में प्रथम स्थान आने पर सीनियर व जूनियर 3100, द्वितीय 2100 व तृतीय को 1100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी प्रकार ग्रुप डांस में प्रथम सीनियर 5100, जूनियर 3100, द्वितीय 3100 व 2100, तृतीय सीनियर 1100, जूनियर को भी 1100 रुपए के नगद पुरस्कार ए शील्ड व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा सुंदर श्री जी विमानए ढोल ए बैंड प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।